शुद्धिपत्र - कटे हुए नोट के ब्रिकेट/टुकडों का निपटान, भारतीय रिज़र्व बैंक, निर्गम विभाग, कानपुर

RBI/Kanpur/Regional Office/Issue/4/25-26/ET/849

भारतीय रिज़र्व बैंक, कानपुर द्वारा दिनांक 16 जनवरी 2026 को एमएसटीसी पोर्टल और भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट के माध्यम से कटे हुए नोट के ब्रिकेट/ टुकड़ों के निपटान के लिए निविदा आमंत्रण सूचना जारी की गई थी। उक्त निविदा में संशोधित किए जाने वाले विवरण के साथ शुद्धिपत्र निम्नानुसार है:

क्र.सं.	खंड सं.	वर्तमान खंड	संशोधित खंड
1.	भाग-II खंड 2.1 (i) & भाग– VII खंड 1	**अनुभव** निविदाकर्ताओं को इसी तरह के कार्यों को निष्पादित करने का कम से कम 5 साल का अनुभव होना चाहिए * (पिछले 5 वर्षों के दौरान महीने के अंतिम दिन को समाप्त करने के लिए, जिनमें से एक के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं)। आवेदक को पिछले 5 वर्षों के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों का विवरण दिखाते हुए अपनी ग्राहक सूची प्रस्तुत करनी चाहिए। सूची में ग्राहक का नाम, निष्पादित कार्य का मूल्य, कार्य शुरू करने और समाप्त होने की तिथि, देरी के कारण, यदि कोई हो, आदि जैसे विवरण शामिल होंगे। आवेदक को 5 साल के न्यूनतम अनुभव के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिए (यानी; यदि विज्ञापन वर्ष 2010 में जारी किया जाता है, तो आवेदक को 2005 में कार्य करना चाहिए था)।	**अनुभव** निविदाकार अनुभवी, साधन संपन्न और आर्थिक रूप से सक्षम हों। निविदाकार के पास समान प्रकार के कार्य निष्पादित किए जाने का न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए (पिछले 3 वर्षों के दौरान, जो आवेदन आमंत्रित किए जाने वाले माह के पिछले माह के अंतिम दिन समाप्त होता हो) समान प्रकार के कार्य का अर्थ है निम्न प्रकार के कार्य: I. भारतीय रिज़र्व बैंक के अन्य कार्यालयों से श्रेडेड करेंसी नोट के ब्रिकेट्स उठाना, या II. पेपर वेस्ट और/ या आरबीआई के अन्य कार्यालयों/ केंद्र/ राज्य सरकार/ पीएसयू/ राष्ट्रीयकृत बैंक/ प्रतिष्ठित संस्थानों के लिए लकड़ी के स्क्रैप का निपटान या III. पार्टिकल बोर्ड विनिर्माता आवेदक द्वारा पिछले 3 वर्षों के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों का विवरण देते हुए अपनी ग्राहक सूची प्रस्तुत की जाए। सूची में ग्राहक का नाम, निष्पादित कार्य का मूल्य, कार्य शुरू करने और समाप्त होने की तिथि, देरी के कारण, यदि

			कोई हो, आदि जैसे विवरण शामिल किया जाए। आवेदक द्वारा 3 वर्षों के न्यूनतम अनुभव के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किया जाए (अर्थात्; यदि विज्ञापन वर्ष 2010 में जारी किया जाता है, तो आवेदक द्वारा 2007 में कार्य निष्पादित किया गया हो)।
3.	भाग-II खंड 2.1 (ii)	**प्रत्येक पूर्ण कार्य का न्यूनतम मूल्य -** पिछले 5 वर्षों के दौरान सफलतापूर्वक इसी तरह के कार्यों को पूरा करने का अनुभव, जिसमें से एक के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, निम्नलिखित में से कोई एक होना चाहिए: I. इसी तरह के तीन पूर्ण किए गए कार्यों में से प्रत्येक की लागत 40 लाख (अनुमानित लागत का 40%) के बराबर राशि से कम नहीं है। **या** II. दो समान पूर्ण किए गए कार्यों में से प्रत्येक की लागत 50 लाख (अनुमानित लागत का 50%) के बराबर राशि से कम नहीं है। **या** III. इसी तरह के एक काम की लागत 80 लाख (अनुमानित लागत का 80%) के बराबर राशि से कम नहीं है।	**प्रत्येक पूर्ण कार्य का न्यूनतम मूल्य -** पिछले 3 वर्षों के दौरान इसी तरह के कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने का अनुभव, जिसमें से एक के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, निम्नलिखित में से कोई एक होना चाहिए: I. इसी तरह के तीन कार्य पूर्ण किए गए हों, जिनमें से प्रत्येक की लागत 40 लाख (अनुमानित लागत का 40%) के बराबर राशि से कम न हो। **या** II. दो समान प्रकार के कार्य पूर्ण किए गए हों, जिनमें से प्रत्येक की लागत 50 लाख (अनुमानित लागत का 50%) के बराबर राशि से कम न हो। **या** III. इसी प्रकार का एक कार्य पूर्ण किया गया हो, जिसकी लागत 80 लाख (अनुमानित लागत का 80%) के बराबर राशि से कम न हो।
2.	भाग-II खंड 2.1 (ii) एवं भाग – VII	अनुभव प्रमाण पत्र / पूर्णता प्रमाण पत्र (पिछले 5 वर्षों में इसी तरह की प्रकृति के कार्य) प्रस्तुत किया जाए। इनमें ग्राहक का नाम, निष्पादित कार्य का मूल्य, कार्य शुरू करने और समाप्त होने	अनुभव प्रमाण पत्र / पूर्णता प्रमाण पत्र (पिछले 3 वर्षों में इसी प्रकार के कार्य) प्रस्तुत किया जाए। इनमें ग्राहक का

	खंड 2	की तिथि, देरी के कारण, यदि कोई हो, आदि जैसे विवरण शामिल होंगे।	नाम, निष्पादित कार्य का मूल्य, कार्य शुरू करने और समाप्त होने की तिथि, देरी के कारण, यदि कोई हो, आदि जैसे विवरण शामिल किए जाएँ।

2. बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे उक्त परिशिष्ट को ध्यान में रखते हुए बोली प्रस्तुत करें। कृपया नोट करें कि यह निविदा दस्तावेज़ का अनुपूरक है और निविदा का भाग माना जाएगा।

3. इस ई-निविदा से संबंधित सभी अन्य नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

क्षेत्रीय निदेशक

कानपुर